# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## बुधवार, तिथि 11 जुलाई, 1990 ई०

### ( भाग-1 कार्यवाही प्रश्नोत्तर )

भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार एकत्र विधान-सभा का कार्य-विवरण।

सभा का अधिवेशन पटना के सभा सदन में **बुधवार, तिथि 11 जुलाई, 1990** को पूर्वाह्न 11.00 बजे अध्यक्ष, **श्री गुलाम सरवर** के सभापतित्व में प्रारम्भ हुआ।

---

पटना
दिनांक : 11 जुलाई, 1990 ई०

**चन्द्रशेखर शर्मा**
सचिव
बिहार विधान-सभा

---

(2) क्या यह बात सही है कि विभाग ने उनका पदस्थापन अभी तक कहीं नहीं किया है; जिसके चलते सरकार को उनके वेतन के रूप में बिना किसी काम के प्रतिमाह 25,000/- रु. की क्षति उठानी पड़ रही है;,

(2) ग्रामीण विकास विभाग द्वारा कुछ जिला अभियंताओं को अधीक्षण अभियंता के पद पर तदर्थ रूप से प्रोन्नत कर पथ निर्माण विभाग के चार नियमित अधीक्षण अभियंताओं की सेवाएं पथ निर्माण विभाग को वापस लौटा दी गयी है । ग्रामीण विकास विभाग के उक्त आदेश के विरोध में विभाग द्वारा समुचित कार्रवाई की जा रही है । संचिका उच्च स्तर पर सरकार के विचाराधीन है।

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार बतायेगी कि उनके पदस्थापन के संबंध में कौन सी कार्रवाई की जा रही है ?

(3) उपर्युक्त खंड (2) में उल्लिखित तथ्यों के संबंध में सरकार के निर्णय के अनुसार कार्रवाई की जाएगी ।

## सड़क की मरम्मत

899. **श्री सुधीर महतो :** क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

**प्रभारी मंत्री :**

(1) क्या यह बात सही है कि सिंहभूम जिलान्तर्गत जमशेदपुर से चाँडिल होते हुए

(1) वस्तुस्थिति यह है कि जमशेदपुर और चाँडिल के बीच रा.उ.प. संख्या-33 पर चार

धनबाद तक जाने वाली सड़क की स्थिति दयनीय है;

स्थानों पर स्वर्णरेखा नदी पर पुलों का निर्माण कार्य चल रहा है । वर्तमान में डायभरसन से यातायात चालू है । यह निर्माण कार्य स्वर्णरेखा नहर योजना से वित्त पोषित है । स्वर्णरेखा योजना से अतिरिक्त राशि प्राप्त होते ही डायभरसन जो क्षतिग्रस्त हो गया है उसकी मरम्मति कर दी जायेगी।

चाँडिल बाजार एन.एच.-32 की मरम्मति कराई जा रही है । चाँडिल से धनबाद रा.उ.प.- 32 सामान्यतः ठीक है ।

(2) क्या यह बात सही है कि गत 10 वर्षों से उस सड़क की मरम्मती नहीं की गई है;

(2) अस्वीकारात्मक है ।

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार जन-हित में उक्त सड़क की मरम्मती कब तक कराना चाहती है ?

(3) सड़क की अत्यावश्यक मरम्मती इस वित्तीय वर्ष में करा दी जाएगी ।

---

## श्री राम के विरुद्ध कार्रवाई